जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2022/1006 दिनांक : 11/11/2022

/ / महत्वपूर्ण अधिसूचना / /

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन, भोपाल के आदेश क्रमांक 1241/213/आउशि/शाखा–5अ/2022 दिनांक 30.09.2022 के अनुक्रम में माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार छात्रहित में नवीन शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक प्रथम वर्ष बी.ए., बी.एस–सी., बी.कॉम., बी.एस–सी. (होम साइंस), बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. परीक्षा मार्च–अप्रैल, 2022 के ऐसे समस्त छात्र जो प्रायोगिक विषय / प्रोजेक्ट / व्यावसायिक मौखिकी / प्रशिक्षुता / इन्टर्नशिप मौखिकी की प्रायोगिक परीक्षाओं में अनुपस्थित होने के कारण प्रायोगिक परीक्षा से वंचित हुए हैं। ऐसे सभी छात्रों की पुनः प्रायोगिक परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया है।

सर्वसंबंधित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि वह संबंधित छात्रों की प्रायोगिक विषय की विशेष प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्देशित एवं नियुक्त वाह्य परीक्षकों के द्वारा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन **दिनांक 25.11.2022 तक** अपडेट करें तथा प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की सूची की हॉर्ड कॉपी विश्वविद्यालय के प्रायोगिक प्रकोष्ठ में भी अनिवार्य रूप से **दिनांक 30.11.2022 तक** जमा करायें।

उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित कर विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करें। जिससे विद्यार्थियों के संशोधित परीक्षा परिणाम शीघ्रताशीघ्र घोषित किए जा सकें।

सर्व संबंधित के सूचनार्थ छात्रहित में प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1- प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, समस्त संबंधित महाविद्यालय/अध्ययनशला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा।
2- उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3- वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4- कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5- कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि, ग्वालियर
6- इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उपकुलसचिव (परीक्षा/गोप0)